an>

Title: Need to open a Regional Office of LIC of India at Dhanbad, Jharkhand.

श्री पशुपति नाथ सिंह (धनबाद) ः वर्ष 1986 में भारतीय जीवन बीमा निगम का मण्डलीय कार्यालय धनबाद में केंद्र सरकार द्वारा खोला जाना था। परंतु उस समय के तत्कालीन मुख्यमंत्री की तरफ से सहमति न मिल पाने के कारण यह मण्डलीय कार्यालय धनबाद में न खुलकर भागलपुर में स्थापित कर दिया गया था। पुनः वर्ष 1991 में धनबाद को फिर मौका प्राप्त हुआ, परंतु किन्हीं कारणों के चलते भारतीय जीवन बीमा निगम के मण्डलीय कार्यालय को हज़ारीबाग में स्थापित कर दिया गया। सर्वगुण सम्पन्न होने के बावजूद धनबाद में आज तक एल.आई.सी. मण्डलीय कार्यालय नहीं खोला गया है। धनबाद, भारतीय जीवन बीमा निगम के मण्डल कार्यालय के लिए सभी शर्तों को पूरा करता है। हज़ारीबाग मण्डल कार्यालय की 18 शाखाओं में से 13 शाखाएं धनबाद में तथा धनबाद के आस-पास हैं। हजारीबाग मण्डल कार्यालय धनबाद से 130 कि.मी. की दूरी पर है। जिसके कारण कर्मचारी, अभिकर्ता और पॉलिसी धारकों को कई दिक्कतें होती हैं। वहीं धनबाद के विकास के लिए बी.सी.सी.एल. का मुख्यालय, बैंकों का क्षेत्रीय कार्यालय, विज्ञान अनुसंधान यूनिट तथा आई.एस.एम., जिसको अभी हाल ही में केंद्र सरकार द्वारा आई.आई.टी. का दर्जा प्राप्त हुआ है, कार्यरत है। साथ ही, भारतीय जीवन बीमा निगम का एक हाउसिंग फाईनेंस लि. क्षेत्रीय कार्यालय जैसे संस्थान तथा अन्य महत्वपूर्ण कार्यालय वर्तमान में संचालित हो रहे हैं।

अतः मैं मा. वित्त मंत्री जी से आग्रह करता हूँ कि मेरे संसदीय क्षेत्र धनबाद में भी भारतीय जीवन बीमा निगम के मण्डलीय कार्यालय खोले जाने की अनुमति दी जाये जिससे धनबाद लोकसभा क्षेत्र की जनता के साथ-साथ आस-पास के अन्य कई जिलों की जनता को भी लाभान्वित किया जा सके तथा धनबाद के विकास में सहायक सिद्ध हो सके।